प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस. मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, S.B.S. Marg, Fort, Mumbai - 400 001
फोन/Phone: 022 - 2266 0502

आज़ादी का अमृत महोत्सव

13 मई 2022

भारतीय रिज़र्व बैंक ने डॉ. सितिकंठ पट्टनायक को नए कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्त किया

भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने 02 मई 2022 से डॉ. सितिकंठ पट्टनायक को कार्यपालक निदेशक (का.नि.) के रूप में नियुक्त किया है।

कार्यपालक निदेशक के रूप में पदोन्नत होने से पूर्व, डॉ. पट्टनायक आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग (डीईपीआर) में परामर्शदाता के रूप में कार्यरत थे।

डॉ. पट्टनायक ने तीन दशकों की अवधि में, आरबीआई के मौद्रिक नीति विभाग तथा आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग में आर्थिक अनुसंधान और मौद्रिक नीति के क्षेत्रों में कार्य किया है। वे लगभग पांच वर्षों तक आरबीआई से प्रतिनियुक्ति पर सेंट्रल बैंक ऑफ ओमान में कार्यरत थे।

कार्यपालक निदेशक के रूप में, डॉ. पट्टनायक आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग (डीईपीआर) का कार्यभार संभालेंगे।

डॉ. पट्टनायक ने मुंबई विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में पीएच.डी.; जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में एम. फिल; एम्स्टर्डम विश्वविद्यालय से अंतर्राष्ट्रीय वित्त में मास्टर डिग्री; और उत्कल विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में एम ए किया है, इसके अलावा सर्टिफाइड एसोसिएट ऑफ इंडियन इन्स्टिट्यूट ऑफ बैंकिंग एंड फाइनेंस (सीएआईआईबी) सहित पेशेवर योग्यताएं अर्जित की हैं।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/212